**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4470**

**उत्तर देने की तारीख 20 अगस्त, 2025**

## दूरसंचार और डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार

**4470. श्री राजमोहन उन्नीथनः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में अंतिम छोर तक हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी लाने के लिए लक्षित पहल कार्यान्वित की जा रही हैं;

(ख) सरकार किस प्रकार ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवाओं तक किफायती पहुँच सुनिश्चित कर रही है; और

(ग) राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता अभियानों की प्रगति का ब्यौरा क्या है और उन्हें निम्न-आय और निम्न-कनेक्टिविटी वाले जिलों के लिए किस प्रकार अनुकूलित किया जा रहा है?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) और (ख) सरकार 4जी सेचुरेशन परियोजना के अंतर्गत देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में 4जी मोबाइल टावरों की संस्थापना के माध्यम से इंटरनेट सुविधाओं के विस्तार हेतु डिजिटल भारत निधि के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों का कार्यान्वयन कर रही है। इसके अतिरिक्त, भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है ताकि मांग के आधार पर सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और गांवों को वाई-फाई हॉटस्पॉट, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन आदि जैसी हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके।

(ग) डिजिटल साक्षरता प्राप्त करने के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) जैसी स्कीम लॉन्च की गईं जिससे देश भर में 6.39 करोड़ व्यक्तियों को प्रशिक्षण मिला। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों में पिछले 5 वर्षों में कुल 14,12,476 उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं।

****